सुविचार -गलती कबूल करने में और गुनाह छोड़ने में कभी देर न करें क्योंकि सफर जितना लम्बा होगा वापसी उतनी मुश्किल हो जायेगी ।

साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-40 अंक -13 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-12 फरवरी 2026 मूल्य-5/00 पृष्ठ -8

## महाशिवरात्रि मेला : प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच श्रद्धा शिखर

## चौरागढ़ महादेव मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### मेले की व्यवस्था की कमान संभाले पूरी प्रशासनिक टीम मुस्तैद

जनसंपर्क नर्मदापुरम । पचमढ़ी महादेव मेले के दूसरे दिन भी पचमढ़ी में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। ऊंची–ऊंची चढ़ाई और दुर्गम मार्ग भी श्रद्धालुओं के उत्साह और अटूट विश्वास को डिगा नहीं पा रहे हैं। भगवान भोलेनाथ के प्रति गहन आस्था रखते हुए श्रद्धालु बड़े एवं भारी त्रिशूल लेकर कठिन और लंबा रास्ता तय कर चौरागढ़ मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे हैं।



कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रशासनिक अमला मेले में तैनात रहकर श्रद्धालुओं की सहायता में जुटा है। स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता से लेकर मार्गदर्शन तक सभी व्यवस्थाएं सतत रूप से सुनिश्चित की जा रही हैं।

मेले की व्यवस्थाओं का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन एवं पिपरिया एसडीएम श्री आकिप खान ने मुख्य मंदिर स्थल चौरागढ़ महादेव पहुंचकर मार्ग का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ श्री जैन ने श्रद्धालुओं से संवाद कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी ली।

कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा चौरागढ़ मार्ग पर संचालित खाद्य दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की वैधता, गुणवत्ता और साफ–सफाई की जांच की गई। दुकान संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए।



इसी प्रकार क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती रिंकू शर्मा द्वारा मेले के विभिन्न पॉइंट्स पर पहुंचकर वाहनों की जांच की गई। अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही बिना पंजीयन एवं बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को समझाइश देकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा हर संभव इंतजाम किए गए हैं। नगर पालिका द्वारा फायर ब्रिगेड के माध्यम से मार्गों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे धूल की समस्या से राहत मिले और यात्रियों को सुगम आवागमन मिल सके। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्गों के खराब शोल्डर को मुरम–बजरी से दुरुस्त किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम निर्धारित स्थानों पर आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक कुल 360 वाहनों को परमिट जारी किए जा चुके हैं।

आपदा प्रबंधन के तहत होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की टीम लगातार तैनात है। प्रवेश द्वार के ऊपर सीढ़ियों से गिरने के कारण घायल हुए पुरुषोत्तम पिता मार्कण्डेय, निवासी टुंडा, जिला यवतमाल (महाराष्ट्र) को टीम द्वारा तत्काल डीपी पॉइंट लाया गया, जहां से एसडीईआरएफ वाहन से अस्पताल भेजा गया।

## बाजारों में नकली घटिया दूषित सामग्री

पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया । बाजारों में नकली घटिया दूषित सामग्री मिलना आम सा हो गया है एक्सपायरी माल भी बेजा विक रहा है लालचीपन, अधिक समाई का रोग मानव के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है हमारी जांच प्रक्रिया चैकिंग व्यवस्था लचर होने से यह गोरखधंधे बढ़ते ही जा रहें है । दूध , पनीर में बड़े स्तर पर गड़बड़ चल रही है । मानव शरीर के लिए घातक रासायनिकों की सिलावट बढ़ती ही जा रही है । दूध, दही मक्खन, पनीर, छाछ मावे में तो हद ही कर दी , धी की मिलावट बड़े स्तर पर होती हैं । कई लोग प्रशासन की भी चेपेट में आ चुके हैं मावे के नकली मिलावटी होने की खबरे त्यौहारों पर हम हमेशा सुनते रहते हैं पर अन्य समय में भी यह सब चलता है , चुपके-चुपके प्रशासन इसे पकड़ नहीं पाता, प्रशासन का अमला छोटा है , क्षेत्र बड़ा है इसी का लाभ लेकर यह जहरीला खेल चलता रहता है । रासायनिक केमीकल्स का लगातार उपयोग लीवर, किडनी को क्षतिग्रस्त करता है और जीवन खतरे में पड़ जाता है पूरे फल सब्जी में भी रासायनिक का उपयोग भारी पड़ रहा है । देश में अधिकांश सामग्रीयों में नकलीपन मिलावटी दूषित पदार्थों की बिक्रि होती रहती है । जह पहुंचा रहे मिलावट खोरी करने वाले नकलची लोगों पर सख्त कार्यवाही आपेक्षित है समाज दुकानदार व्यापारी भी देखें की शहर में मिलावटी नकली माल न बिक पाये उसे रोकना होगा । उपभोक्ता आम नागरिक व्यापारी में जनजागरण आयेगा तभी हम लालची लोभी अपराधियों पर नकेल कस सकते हैं । रिश्वत भी ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करती है यह रिश्वत मिलावटी कैंसर की तरह हमें बर्बादी देता है ।

## विकास कार्यों के चलते धूल व रेत के उड़ते कणों से फेफड़े और श्वास के रोगी बढ़े, नालीयों ने उगले संक्रमण रोग

पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया । शहर में चारों दिशाओं में निर्माण कार्य जारी है विकास के साथ बीमारियां संक्रमण भी परोसा जा रहा है । यह अद्दश्य खतरा सीमेंट रेत -मिट्टी, तोड़-फोड़ से उड़ रहा है वह स्वच्छ स्वस्थ्य नागरिक जटिल बीमारियों की चपेट में ले रहा है । हमारे नगर व आसपास के नागरिकों , बुजुर्गों के लिए गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा कर रहे हैं । लगातार बढ़ते प्रदूषण को लेकर कैंसर जैसी घातक जानलेबा बीमारियों का खतरा बढ़ते ही जा रहा है । सांस रोगी , फेफड़े के रोगी संक्रमण से हर घर बीमार सा बना रहता है । पक्की सड़कों के होते हुए शहर धूल रोग से परेशान हाल है । नालीयां गंदगी से लवरेज बनी हुई है नाली में बहाव न होना समस्या खड़ी कर रहा है । कचरा नागीरिक नालीयों में ही डाल रहे हैं और साफ सफाई नदारत है परिणाम नागरिक परेशान हो रहे हैं ।

## जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचाव हेतु आशा परिवेक्षकों की बैठक आयोजित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम **NPCCHH** के अंतर्गत आशा परिवेक्षकों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उनके प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक गतिविधियों को गति देना रहा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। साथ ही उपस्थित आशा परिवेक्षकों को **NPCCHH** अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन करने तथा आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि विभिन्न विभागों के समन्वय से ही जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम संभव है और इसी के माध्यम से मानव कल्याण की रक्षा की जा सकती है। बैठक के दौरान डॉ. सृजन सिंह सेंगर (डीएचओ–1), आर.एस. चौहान जिला नोडल अधिकारी **NPCCHH** तथा प्रो. रवि उपाध्याय, एनएमबी महाविद्यालय ने अपने–अपने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## सम्पादकीय

# राघव ने उठाए जनमानस के मुद्दे

राघव चड्डा जैसे सांसद हमें जगा रहे है और बता रहे है कि पढा– लिखा व्यक्ति यदि हमारा जनप्रतिनिधि होगा तो जनसामान्य के जरूरी मुद्दे संसद में सुनाई देंगे। लोकसभा और राज्यसभा जिसे आमतौर पर नेताओं के लड़ने और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोपों के लिए ही जाना जाता है अधिक से अधिक वॉक आउट के लिए। सदन की गरिमा तक को अपने हितों के लिए राजनेता तार – तार करते नजर आते है । ऐसे में राघव चड्डा जैसे सांसद आम आदमी के मुद्दों को सदन के पटल पर रखते है और मुद्दों की बात करते है। संसद के वर्तमान सत्र में अब तक राघव ऐसे कई मुद्दे उठा चुके है जिनसे हमारा सीधा संबंध है जैसे टैक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा स्वाथ्य पर उन्होंने कहा कि भारत स्वास्थ्य पर जीडीपी का मात्र .5 प्रतिशत खर्च करता है जबकि दूसरे देष 12 से 18 फीसदी तक खर्च करते है। उन्होंने कहा कि कोविड के समय ने पब्लिक हेल्थ के लिए हमें खतरे की घंटी बजा दी थी कि हम इस क्षेत्र के बजट में इजाफा करें । स्वास्थ्य सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रयास करे । आम आदमी से वसूले जा रहे टैक्स पर भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की और कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक आम आदमी सरकार को भर – भर का टैक्स देता है। लेकिन इसके ऐवज में आम आदमी को ऐसी कोई सर्विस नहीं मिलती जितना वह अपने जीवन काल में टैक्स देता है।

इसी के साथ उन्होनें '' राइट टू रीकॉल'' की मांग करते हुए कहा कि जब वोटर को अपने नेता को चुनने का अधिकार है तो उसे हटाने का अधिकार भी होना चाहिए । चुनाव के समय नेता मतदाता के आगे पीछे घुमते है लेकिन चुनाव के बाद दिखाई नहीं देते है जब मतदाता अपने नेता को चुन लेता है तो नेता जी पांच साल के लिए निश्चिंत हो जाते है। लेकिन यदि जनता के पास यह अधिकार होगा कि वह काम नहीं करने पर वह नेता को हटा सकगा तो नेता भी काम करेंगे। अभी पंचायत स्तर पर कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में राइट टू रिकॉल का नियम है। इसे सभी चुनावों में लागू किया जाना चाहिए। इसमें तमाम बिदुओं को स्पष्ट करना चाहिए कि 50 फीसदी से अधिक वोट नेता के खिलाफ होने पर नेता को हटाया जा सकता है यदि ऐसा होगा तो हमारा लोकतांत्रिक सिस्टम और सुदृढ़ होगा नेता भी कुर्सी मिल गई कि आस में पांच साल तक बैठे नहीं रहेंगे जिस काम के लिए जनता से उन्हें चुना है उस काम को करेंगे। वाकई यह बहुत अच्छा सुझाव है और सरकार को इस पर विचार करने की आवश्यकता है इससे हमारा देश सुदृढ़ और विकसित होगा। राघव चड्डा द्वारा सदन में दिए गए वक्तव्यों से स्पष्ट है कि यदि आपका नेता पढ़ा– लिखा होगा तो वह आपका मुद्दा उठाएगा और बेहतर ढंग से आपकी समस्याओं को सुलझाने का उपाय भी देगा और यदि सांसद अनपढ़ होगा तो समोसे का साइज और उसकी कीमत पर चर्चा करेगा।

## आरक्षण में आपको चावल, गेहूँ, नमक मिल गया और चपरासी, मास्टर, पटवारी आदि में नौकरी लग जाये तो इसे आरक्षण न समझें।

आरक्षण किसे कहते हैं इसे कुछ उदाहरणों से समझते हैं–

1. जब अपने स्कूल की क्रिकेट टीम में भी चयनित न होने वाले जय साह को सीधेBCCI के सचिव बनाते हैं, –इसे कहते हैं आरक्षण।
2. जब बिना किसी परीक्षा और इंटरव्यू के सीधा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं रिस्तेदारी के कारण जज नियुक्त होते हैं, उसे कहते हैं आरक्षण।
3. जब तमाम स्कूल और कॉलेज खोलने वाले मैनेजर अपने रिस्तेदारों, बहू–बेटों को, बिना किसी योग्यता और पात्रता के आधार पर और सरकारी अनुदान पर नियुक्त करा लेते हैं, तो इसे कहते हैं आरक्षण।
4. जब तमाम अकेडमिक परिक्षाएं पास करने तथा पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी सिर्फ जाति के आधार पर अयोग्य घोषित कर दिया जाता है अर्थात ष्नाट फाउंड सूटेबल कोई पद के योग्य नहीं मिला)। ताकि आगे उन पदों पर अपने वर्ग के हितों के अनरूप नियुक्ति की जा सके तो उसे कहते हैं आरक्षण।
5. जब केन्द्रीय मंत्री के पुत्र को बिना किसी प्रतियोगी परीक्षा के राज्य सरकार बड़े पद पर नियुक्त कर देती है तो इसे कहते हैं आरक्षण।
6. जब पहली बार सांसद अथवा विधायक बनने पर कैबिनेट मंत्रालय में अहम मंत्रालय सौंपा जाता है तो इसे कहते हैं आरक्षण।
7. जब बिना IAS की परीक्षा पास किए किसी वर्ग–विशेष के लोगों को सीधे संयुक्त–सचिव बना दिया जाता है तो इसे कहते हैं आरक्षण।
8. जब लोकडाउन में भी मुख्यमंत्री, पूर्व प्रधानमंत्री मंदिरों में जाते हैं या विवाह–पार्टी अटैंड करते हैं जबकि दूसरी तरफ मरीजों व मजदूरों को सड़क पर मुर्गा बनाकर पीटा जाता है तो इस विशेषाधिकार को कहते हैं आरक्षण।
9. आज तक तीर–कमान भी न बनाने का अनुभव रखने वाली कम्पनी को सीधे राफेल लड़ाकू विमान बनाने का ठेका दे दिया जाता है तो उसे कहते हैं आरक्षण।
10. 'जब एक ही तरह् के मुकदमे में यादव को जेल और मिश्रा को बेल (रिहाई) मिल जाती है तो यहाँ दिखाई देता है वर्ग और जाति विशेष का आरक्षण'
11. जब हजारों–करोड़ों रूपयों का कर्जा माफ और दस–बीस हज़ार रूपये के लिये कुर्की की जाती है तो उसे कहते हैं आरक्षण।
12. प्राईमरी स्कूल खोलने लायक भी इंफ्रास्ट्रक्चर न होने के बावजूद ' कागज़ी जियो यूनिवर्सिटी' को 10,000 करोड़ रूपये मिलते हैं वो भी 'सेंटर आफ एक्सीलेंस' बनाने के लिये तो इसे कहते हैं आरक्षण
13. जब राष्ट्रपति के अंगरक्षकों की भर्ती चुनिन्दा जातियों से की जाती है तो उसे कहते हैं आरक्षण।
14. सारे मंदिर के पुजारी एक वर्ग विशेष को बनाया जाता है तो उसे कहते है आरक्षण
15. जब सेनाध्यक्षों की पूरी टोली एक वर्ग से आती है इसे कहते है आरक्षण
16. जब राम मंदिर ट्रस्ट में वर्ग विशेष को ही ट्रस्टी बनाया जाय तो उसे कहते है आरक्षण
17. जब पिछड़े वर्ग के बदमाशों को अपराधी और सवर्ण वर्ग के बदमाशों को बाहुबली कहा जाय तो उसे कहते है आरक्षण

जिसको भारत में आरक्षण नजर आता है, वो सिर्फ प्रतिनिधित्व है। जो सभी यूरोपीय, अमेरिकी, अफ्रीकी और जापान आदि देशों में भी अपनाया गया है।

'संख्या के अनुपात मे प्रतिनिधित्व लोकतंत्र का प्राण होता है, जिसे ष्भारतीय संविधान ' ने अपने प्रत्येक नागरिक को प्रदान किया है। **Olympics** –आरक्षण

# महिला पतंजलि योग समिति की जिला स्तरीय बैठक

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** पंतजलि योग समिति की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक पचमढ़ी रोड पर हुई। बैठक में हरिद्वार से आई स्वामी रामदेव महाराज की शिष्या साध्वी देवादिति मौजूद रहीं। मध्यप्रदेश की राज्य प्रभारी पुष्पांजली शर्मा भी शामिल हुई। जिला प्रभारी राजकुमारी मालवीय ने स्वागत के बाद साध्वी देवादिति और पुष्पांजली शर्मा का परिचय कराया। साध्वी देवादिति ने योग का महत्व बताया। साध्वी देवादिति ने योग का महत्व बताया। उन्होंने नियमित योग करने की अपील की। बैठक में विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर परिषद अध्यक्ष नीना नागपाल, लक्ष्मी कोरी, अर्चना शर्मा, आरती गुप्ता, किरण राज, ब्रजलता पटैल, देवीसिंह चौधरी, हुकुमचंद मालवीय, मनमोहन मालवीय और विष्णु पांडे मौजूद रहे। पतंजलि योग समिति के अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी शामिल हुए। संचालन सविता राज ने किया। आभार अर्चना शर्मा ने जताया।




ए.एस. खुराना
बी.एस.सी./डी.ओ.आर.
मो. 7747022369
8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला–नर्मदापुरम(म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष– छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
राज ट्रेडर्स
मो. 9806969697, 9893692487, 9644200339
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

# पचमढ़ी में परिवहन नियमों को तोड़ने वाले वाहनों पर आर टी ओ की सख्त कार्यवाही

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी इन दिनों भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर है। पचमढ़ी महादेव मेले के छठवें दिन उच्च शिखार पर स्थित चौरागढ़ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की निरंतर आमद से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। हर भोला, हर हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से पर्वत और पचमढ़ी की मनोरम वादियां भक्तिमय हो उठीं हैं। महाशिवरात्रि पर्व के नजदीक आते ही श्रद्धालुओं के उत्साह में विशेष वृद्धि देखने को मिल रही है। दूर–दूर से पहुंचे भक्त ढोल–नगाड़ों के साथ जयकारे लगाते हुए कठिन चढ़ाई पार कर मंदिर तक पहुंच रहे हैं। रात के समय भी दर्शन और पूजा–अर्चना का सिलसिला लगातार जारी है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा भजन–कीर्तन और रात्रि जागरण कर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए प्रार्थनाएं की जा रही हैं। श्रद्धा और भक्ति का यह अनुपम दृश्य हर किसी को भाव–विभोर कर रहा है। पचमढ़ी के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जटाशंकर, गुप्त महादेव, बड़े महादेव सहित विभिन्न शिवालयों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। पूरा क्षेत्र आस्था, श्रद्धा और भक्ति का रंग देखने को मिल रहा है।

प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद

मेले में प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद है। पूरे मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थापित सहायता केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, कंट्रोल रूम खोया पाया केंद्र सहित अन्य श्रद्धालु सहायता केंद्र के माध्यम से भक्तों को निरंतर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। होमगार्ड एसडीआरएफ एवं पुलिस बल द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत घायल, बीमार सहित खोए हुए श्रद्धालुओं की सतत सहायता की जा रही है। मेला समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चौरागढ़ क्षेत्र में बीमार ताराचंद डेहरिया को तत्काल रूप से नजदीकी मेडिकल कैंप के माध्यम से उपचार प्रदान किया गया इसी प्रकार नागपुर निवासी रोहित को चौरागढ़ मंदिर से दर्शन के बाद सीधी से उतरते समय पैर फिसल जाने के कारण घायल होने पर होमगार्ड जवानों द्वारा त्वरित रूप से मेडिकल कैंप लाकर प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी के लिए रवाना किया गया। इसी प्रकार अन्य श्रद्धालुओं को भी आपदा प्रबंधन के तहत हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न कर पड़े।

मेले में ड्यूटी रत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए भी प्रशासन द्वारा भोजन की उपयुक्त व्यवस्था की गई है जिसके तहत उन्हें प्राप्त है नाश्ता तदुपरांत दोपहर एवं रात का खाना भी ड्यूटी पॉइंट पर ले जाने के लिए समर्पित टीम को तैनात किया गया है जिससे ड्यूटी में लगे हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय पर भोजन प्राप्त हो सके।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर रखी जा रही मेले पर नज़र

अधिकारियों द्वारा निरंतर मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर मेले में भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन द्वारा पैदल मार्ग से चौरागढ़ मंदिर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीएम पिपरिया श्री आकिप खान भी मौजूद रहे। अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे द्वारा भी में क्षेत्र का भ्रमण कर स्वास्थ कैंप, सहायता केंद्र एवं मटकुली बैरियर प्वाइंट का निरीक्षण कर मेला के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

परिवहन विभाग की सख्त कार्यवाही

पचमढ़ी महादेव मेले में आर टी ओ रिंकु शर्मा, परिवहन निरीक्षक हिमांशु जैन के नेतृत्व में आदित्य मिश्रा द्वारा परिवहन नियमों का पालन ना करने वालों पर, बिना वैध दस्तावेजों के वाहन का परिवहन करने वाले पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मेला क्षेत्र में चलने वाले वाहनों पर ओवरलोड सवारी ना करने करने के निर्देश, निर्धारित किराया लेने संबंधी निर्देश, बिना मेला परमिट पाए जाने वाले वाहनों को परमिट हेतु प्रतिबंधित करने, दो पहिया चालकों को हेलमेट के साथ यात्रा करने संबधित निर्देश लगातार दिए जा रहे है। अन्य जिलों से आने वाले वाहनों के दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है है। परिवहन दल द्वारा अभी तक लगभग 550 से अधिक वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा चुकी है तथा 25 से अधिक वाहनों पर राशि रुपए 23000/– की चलानी कारवाही की जा चुकी है। परिवहन दल में परिवहन निरीक्षक आदित्य मिश्रा, आरक्षक रामप्रसाद हनोतिया, कृष्णपाल सिंह, दीपक उपाध्याय, राकेश चौरे द्वारा लगातार कारवाही की जावेगी।

# कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा एसपीएम का दौरा संपन्न

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मंगलवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा प्रतिभूति कागज़ कारखाने का दौरा किया गया। उनके साथ अपर कलेक्टर (एडीएम) श्री राजीव रंजन पांडेय भी उपस्थित रहे। मिल के एजीएम श्री अमित कुमार द्वारा उनका स्वागत किया गया।

विस्तृत जानकारी देते हुए एसपीएम के डीजीएम (जनसंपर्क) श्री संजय भावसार द्वारा बताया गया कि इस भ्रमण के दौरान सिक्योरिटी पेपर मिल की उत्पादन प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों एवं विभिन्न तकनीकी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उन्हें दी गई। उनके द्वारा मिल परिसर का निरीक्षण किया गया और अधिकारियों से पेपर उत्पादन प्रक्रिया एवं अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली गई।

इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा मिल में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा तथा गुणवत्ता सुधार से जुड़े प्रयासों को और सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर एसपीएम के वरिष्ठ अधिकारी सर्वश्री परीक्षित जोशी, अखिलेश गुप्ता, डॉ. घनश्याम जरेडा, गोविंद रघुवंशी इंद्रजीत कुमार, अनूप मढ़ैया आदि भी उपस्थित थे।

## मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी और गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक वाहन डम्पर जप्त

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त दल द्वारा जिले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण के दौरान मिट्टी का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी और गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक वाहन डम्पर जप्त कर किया है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि करेली तहसील के ग्राम खिरिया में खनिज मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडएन 4438 को जप्त कर पुलिस चौकी सिंहपुर में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया है। इसी तरह करेली तहसील स्थित राजमार्ग चौराहा में खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक डम्पर वाहन क्रमांक एमपी 49 जे 0582 को जप्त कर थाना सुआतला में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस तरह की संयुक्त कार्यवाही सतत जारी रहेगी।


विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम

श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स

(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)



हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है



असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।

सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया

प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

पिपरिया डेन्टल क्लीनिक

(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

सुपर सिलेक्शन

मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

स्वस्थ आहार, स्वाद मजेदार...

रघुजी नमकीन

एक विश्वास

रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार

शोभापुर रोड, पिपरिया Ph.224241,

-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471




बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

फोन- 222664, 224664

अधिकृत विक्रेता My Cem Cement

श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया

द्वारका स्वीट्स् एवं चाट सेंटर

डोसा, इडली, बड़ा साबर समौसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां









ताजी लस्सी मो. 9425310452


(पुड़ी सब्जी–गरमा गरम)

–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## प्रभु -प्राप्ति की दौड़ में सफलता कैसे पाएं ?

-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज



हर धावक की यह कामना होती है कि वह दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करे। एक सफल धावक बनने के लिए कुछ खास गुणों की आवश्यकता होती है। प्रथम, उसका मन अपने लक्ष्य पर केन्द्रित होता है। दूसरा, उसे यह दृढ़ विश्वास होता है कि वह जीतेगा। तीसरा, वह दूसरों के बारे में नहीं सोचता। चौथा, उसमें लक्ष्य को पाने की तीव्र लगन होती है। इन्हीं गुणों को अपनाकर हम भी अपने आध्यात्मिक लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

जो धावक जीतना चाहते हैं वे नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करते हैं ताकि उनमें यह क्षमता विकसित हो सके कि वे बीच रास्ते में ही हिम्मत न हार जाएं। उन्हें दौड़ने में गति प्राप्त करनी होगी। उन्हें यह अभ्यास करना होगा कि उनके अंग स्वतः ही जीतने के लिये आवश्यक हलचल कर सकें। उनका भोजन सही मात्रा में होना चाहिये ताकि उनका शारीरिक वजन बना रहे और कद-काठी व अंग पुष्ट रहें। उनका आहार ऐसा हो जो उन्हें जीतने के लिए शारीरिक तौर पर तैयार कर सके।

शारीरिक क्षमताओं के अलावा कुछ मानसिक विशेषताएँ हैं जो हमें अपने लक्ष्य पर पहुंचने में मददगार होती है - हम अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उस पर दृढ़ रहें, हमारा नजरिया सकारात्मक हो, और हमें अपनी सफलता पर विश्वास हो, हम विश्वास रखें कि अन्य कोई हमें हमारे पथ से विचलित नहीं कर पायेगा और हम अपनी लगन और तड़प को बरकरार रखेंगे।

इसी तरह, यदि हारा लक्ष्य प्रभु-प्राप्ति है तो हमें अपने आपसे यह प्रश्न पूछना होगा कि प्रभु-प्राप्ति के लिये हमारी इच्छा कितनी प्रबल है ? अधिकांश लोग जो एक के बाद एक दुनियावी कार्यों में लगे रहते हैं, उन्होंने अभी अपने मन को इस बात के लिये तैयार नहीं किया है कि वे प्रभु को चाहते हैं अथवा दुनिया को। जबान से तो हम यही कहते हैं कि हम प्रभु चाहिये परन्तु हमारे कार्य इसके विपरीत होते हैं। इसका अर्थ यही है कि हमने अभी तक अपना लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है और कभी भी बहक सकते हैं।

एक बार लक्ष्य को सुनिश्चित करके, हम भी धावकों की तरह इन सिद्धान्तों पर अमल करें। हम सदा प्रभु के बारे में सोचें। कार चलाते वक्त, हाथों से काम करते वक्त, पंक्ति में अपनी बारी का इंतजार करते हुए, ट्रेफिक जाम में, बागबानी करते हुए, बच्चों के कपड़े बदलते हुए, खाना पकाते समय अथवा व्यायाम करते हुए भी हम प्रभु को याद कर सकते हैं।

दूसरों से प्रभु की चर्चा करें। प्रभु-प्राप्ति के उपाय करें। ऐसी प्रेरणादायक पुस्तकों का अध्ययन करें जिनसे हम यह जान सकें कि संतों-महात्माओं ने प्रभु को कैसे पाया है। प्रभु तक पहुँचाने वाली गतिविधियों में अधिक से अधिक समय लगाएं, जैसे ध्यान-अभ्यास, सत्संग, निष्काम सेवा और नैतिक जीवन। उन लोगों की संगत करें जो प्रभु की तलाश में लगे हैं।

हममें से प्रत्येक परमात्मा को पा सकता है। संतों का यह आशावादी रुख हमें भी प्रेरणा देता है कि यदि एक व्यक्ति किसी काम को कर सकता है तो वही काम दूसरा भी कर सकता है। हमें खुद पर विश्वास होना चाहिये। इस तरह की मानसिकता के साथ हम संतों की शिक्षाओं का पालन करें, ध्यान-अभ्यास करें, नैतिक जीवन बनाएं, प्रतिदिन आत्म-निरीक्षण करें, सत्संगों में जाएं, शाकाहारी भोजन का सेवन करें, नशीले पदार्थों को त्यागें, निष्काम सेवा करें। इस तरह हम इसी जीवन में प्रभु को प्राप्त कर सकते हैं।

घुड़दौड़ में घोड़ों की आँखों पर अँखौड़ा लगा दिया जाते हैं ताकि वे दूसरे घोड़े को देखकर भटक न जायें। दूसरों की ओर ध्यान न देते हुए हम अपने लक्ष्य की ओर ध्यान लगायें। यदि हम ईमानदारी से आत्म-निरीक्षण करेंगे, तो हमारे पास दूसरों की ओर देखने का समय ही नहीं रहेगा और हम शीघ्र प्रगति कर सकेंगे। हम दूसरों के प्रति ईर्ष्या, द्वेष में नहीं उलझेंगे और अपनी ही प्रगति की ओर ध्यान देंगे।

हमें एक सफल धावक के गुणों को धारण करना है ताकि हम भी प्रभु की ओर दौड़ में जीत हासिल कर सकें। हम पूरी शक्ति और लगन के साथ अपनी आत्मा को परमात्मा से जोड़े रखें ताकि इसी जीवन में प्रभु को प्राप्त कर लें। अपनी आत्मा का परमात्मा से मिलन ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। हमें अपना दृष्टिकोण आशावादी रखना होगा ताकि इसी जीवन में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। तभी हम प्रभु-प्राप्ति की दौड़ में सफल होंगे।

॥ जय माता दी ॥ Mob.- 9425692332
MAMTA ENTERPRIZES
Pipariya Road, Bankhedi Distt.- Hoshangabad (M.P.)
Crown, Weston, L.G. LED TV, Refrizarator, Coolar, Mixer
Grinder Radio, DTH, Airtel, Tata Sky & Other Electronic Material

# विधायक जी का सात दिवसीय दौरा कार्यक्रम



**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** बनखेड़ी विगत दिनों मध्यप्रदेश विधानसभा के जिला रतलाम विधानसभा सैलाना के विधायक का दौरा कार्यक्रम में उमरिया से प्रारंभ होकर शहडोल अनूपपुर अमरकंटक डिंडौरी नरसिंहपुर नर्मदापुरम एवं बैतूल जिले में भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जी के आगमन पिपरिया विधानसभा के बनखेड़ी में जिला के अध्यक्ष राजेश कुमार उईके एवं सभी सदस्यगण ने फूल माला से स्वागत किया इस दौरान पार्टी के विधायक कमलेश्वर डोडियार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रीतमसिंह उईके प्रदेश अध्यक्ष कोमल धोपिया एवं महिला प्रदेश उपाध्यक्ष अंकिता परस्ते प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश कटझके की विशेष उपस्थिति रही दौरें के दौरान आदिवासी विकास समाज हित के काम समस्या अधिकार संगठन को मजबूत करने की बात कही गई।

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित कक्षाओं में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक पवन सहगल जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** समाज आसानी से किसी का नेतृत्व स्वीकार नहीं करता है। उसके लिए लोगों के बीच भलाई का काम करना पड़ता हैं। सामुदायिक नेतृत्वकर्ता को प्रत्येक पंचायत में काम करना है।बगैर पढ़ें लिखे कुछ नहीं हो पाता है। पढाई लिखाई जरूरी है। आपके वितरित प्रयोगशाला ग्रामों में असाइनमेंट पूर्ण करना है जिनमें परामर्शदाता आपकी मदद करेंगे।जिला समन्वयक पवन सहगल जी ने शासकीय महाविद्यालय बनखेडी के सभागार में संचालित बी ए डब्ल्यू एवं एम एस डब्ल्यू की कक्षाओं में उपरोक्त बातें कहीं ।इस अवसर पर विकास खंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।इस अवसर पर परामर्शदाता मकरन सिंह कुशवाहा, गोबिंद पटैल, श्रीमंत पटैल, रीतेश कुशवाहा बी एस डब्ल्यू एम एस डब्ल्यू के छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम में वामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय आदिवासी मोर्चा राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहा है जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वामसेफ वामन मेश्राम साहब एवं भारत मुक्ति मोर्चा नई दिल्ली के मार्गदर्शन में हो रहा है कार्यक्रम के उद्घाटक प्रदेश अध्यक्ष बहुजन मुक्ति पार्टी मध्यप्रदेश के अध्यक्ष सरजेराव सहारे मुख्य अतिथि केपी भूमरकर अध्यक्ष बामसेफ मध्य प्रांत विशिष्ट अतिथि इंजी आर बी बड़कुर रिटायर अभियंता बामसेफ जिला अध्यक्ष एन के बछले ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद पी डोंगरे सी ई सी मेम्बर बामसेफ नई दिल्ली प्रशिक्षण का उद्देश्य है आजाद भारत में मूलनिवासी गुलाम है एक चर्चा नई शिक्षा नीति 2020बहुजनो के हित में नहीं है गुलाम बनाने का एक षणयत्र है ओ बी सी की जाति आधारित गणना ना करना उनके विकास को रोकने का एक षणयंत्र है धोखे बाजी है ईवीएम के द्वारा स्वतंत्र निष्पक्ष आदि पारदर्शी चुनाव नहीं कराया जा रहा है सरकार तानाशाही मनमानी के चलते ईवीएम से चुनाव कराकर धांधली कर सत्ता हासिल कर रहीं हैं एक चर्चा इन तमाम बातों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही गई शिविर में शामिल होकर संविधान शिक्षा एवं रोजगार बचाने के संघर्ष में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें।

## आनंद प्रकाश शर्मा के प्रतिनिधित्व में सर्वोदय साहित्यकार मंच का एक प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री सम्माननीय विकास दवे जी से भोपाल जाकर भेंट की

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** पिपरिया/शहर के वरिष्ठ लेखक साहित्यकार आनंद प्रकाश शर्मा के प्रतिनिधित्व में सर्वोदय साहित्यकार मंच का एक प्रतिनिधि मंडल जिसमे मंच अध्यक्ष अंजु जाटव, आफिस रीडर अनीता बाथरे,वेद प्रकाश व्यास, नर्मदा प्रसाद आदि मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक और राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री सम्माननीय विकास दवे जी से भोपाल जाकर भेंट की जहां आनंद प्रकाश शर्मा के द्वारा लिखित सर्व भाषा ट्रस्ट दिल्ली द्वारा प्रकाशित और पिछले दिनों विश्व पुस्तक मेले में उपलब्ध हुई कृति 'अंततः इश्क'उन्हें भेंट व लोकार्पित की, साथ ही स्वस्तिका अनुसार कामधेनु गाय स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट की गई ।



ज्ञात रहे आनंद प्रकाश शर्मा इन दिनों अपनी लोकप्रिय पुस्तक हजार कविताओं का उत्सव को लेकर चर्चित हैं इस कृति की प्रेरणा आपको डॉ विकास दवे द्वारा दी गई थी आगे चलकर इस पुस्तक ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान बनाया इतना ही नहीं वर्तमान में आनन्द प्रकाश शर्मा के नाम साहित्य को लेकर सात विभिन्न वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम है यह सम्पूर्ण मध्य प्रदेश और देश के लिए गौरव की बात भी हैं इतना ही नहीं अपितु आनन्द प्रकाश शर्मा की हजार कविताओं का उत्सव पुस्तक के लिए दुनिया की सर्वोत्तम थीसिस मनाते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनिवर्सिटी वियतनाम ने उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि देकर विभूषित भी किया है, इस अवसर पर आनन्द प्रकाश शर्मा और डा विकास दवे की वर्तमान साहित्य को लेकर बातचीत भी हुई जो काफी महत्वपूर्ण रहीं।

# MP: डबरा में कलश यात्रा के दौरान भगदड़, एक महिला की मौत, नरोत्तम मिश्रा करा रहे थे प्राण प्रतिष्ठा

ग्वालियर के डबरा में नवग्रह पीठ की कलश यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। घटना में एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि कई अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं।

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से बड़ी खबर सामने आ रही है। जिले के डबरा में नवग्रह पीठ की कलश यात्रा के



दौरान भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। भगदड़ में छह से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं। सभी को डबरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।?

दरअसल, डबरा मे पूर्व मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा द्वारा एक भव्य नवग्रह मंदिर बनवाया गया है। जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद ग्रहों की शांति हेतु नरोत्तम मिश्रा ने इस मंदिर का निर्माण कराया है। दावा किया जा रहा है कि यह विश्व का इकलौता मंदिर है, जिसमें सभी नव गृह अपनी–अपनी अर्धांगिनी के साथ अलग अलग मंदिरों में बिराजमान किए गए हैं।

नरोत्तम मिश्रा नवग्रह मंदिर में मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा करा रहे थे, जिसका कार्यक्रम 20 फरवरी तक चलना है। धार्मिक अनुष्ठान में आज पहले दिन कलश यात्रा निकलनी थी और उसके लिए स्टेडियम के नजदीक हजारों की संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब महिलाएं एक मैदान में मौजूद थी और सुबह से गेट बंद था। कलश यात्रा के लिए जब गेट खोला गया तो महिलाएं अचानक भाग पड़ीं।

इस दौरान भगदड़ मच गई, जिससे सैकड़ों महिलाएं जमीन पर गिर गईं और भीड़ उन्हें कुचलते हुए ऊपर से निकलने लगी। इस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मी और वॉलंटियर्स ने तत्काल सहायता की। एंबुलेंस के जरिए घायल महिलाओं को अस्पताल पहुंचाया गया। भगदड़ की वजह क्या थी, फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही मौके पर एंबुलेंस भी पहुंच गईं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

हादसे में 70 वर्षीय महिला रति साहू की मौत हो गई है। जबकि एक बच्ची समेत 6 महिलाएं घायल हो गईं। गंभीर रूप से घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है। परिजनों ने पुलिस और अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद परिजन शव को लेकर डबरा पुलिस थाने पहुंचे। इस दौरान पूर्व गृहमंत्री और कार्यक्रम के आयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी।

मृतक रति साहू की बहू रीना साहू ने आरोप लगाया कि हादसा पुलिस की लापरवाही के कारण हुई है। पुलिसकर्मी ने गेट खोलकर अचानक बंद कर दिया, जिससे महिलाएं दब गईं। रीना साहू ने यह भी बताया कि डबरा सिविल अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर्स ने इलाज नहीं किया। रीना साहू ने बताया कि मेरी सास को समय पर ऑक्सीजन नहीं मिल पाई। वह आधे घंटे तक अस्पताल में तड़पती रहीं और उनकी मौत हो गई।

हादसे के बाद डबरा पहुंचे डीआईजी अमित सांघी ने बताया कि कलश यात्रा के दौरान भगदड़ में 65 वर्षीय महिला की जान गई है। मामले में मर्ग कायम किया गया है। हमारी टीम मौके पर मौजूद है। घायलों की मदद की जा रही है। भगदड़ मचने को लेकर जांच जारी है।

–हम समवेत


**करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।**
**न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।**

नवशिशु के स्वागत के लिए– गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाकर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला। साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।

**न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर**
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली, पिपरिया


# जिले में 76 परीक्षा केन्द्रों पर प्रारंभ हुई माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) बोर्ड परीक्षा

### 10294 विद्यार्थियों ने हल किया अंग्रेजी का प्रश्न पत्र 107 रहे अनुपस्थित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिले में मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से प्रारंभ हुई। जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र में हल किया। परीक्षा के दौरान जिले भर के 76 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की उपस्थिति में परीक्षा आयोजित की गई। नकल का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया। जिले में कुल 10,401 विद्यार्थियों में से 10,294 परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र हल किया, जबकि 107 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं के कुल 9,437 नियमित परीक्षार्थियों में से 9,392 उपस्थित एवं 45 अनुपस्थित रहे। वहीं 964 स्वाध्यायी परीक्षार्थियों में से 902 उपस्थित तथा 62 अनुपस्थित रहे। जिले के पंजीकृत 1 दिव्यांग परीक्षार्थी ने भी परीक्षा में सम्मिलित होकर प्रश्न पत्र हल किया।

नर्मदापुरम विकासखंड अंतर्गत 3,191 में से 3,156 विद्यार्थी उपस्थित एवं 35 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार माखननगर विकासखंड में 919 में से 914 उपस्थित तथा 5 अनुपस्थित रहे। सोहागपुर विकासखंड में 1,294 में से 1,277 उपस्थित एवं 17 अनुपस्थित रहे। पिपरिया में 1,645 में से 1,633 उपस्थित तथा 12 अनुपस्थित रहे। बनखेड़ी में 992 में से 982 उपस्थित एवं 10 अनुपस्थित रहे। केसला में 746 में से 739 उपस्थित एवं 7 अनुपस्थित रहे। सिवनी मालवा में 1,614 में से 1,593 उपस्थित तथा 21 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु सभी अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही गठित फ्लाइंग स्क्वॉड ने भी पूरी परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी रखी।


**विकी हार्डवेयर स्टोर्स**
फोन कार्यालय 224664,
निवास– 222664 मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता



**Prime Motivation Institute**

एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र–छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर.......

प्रवेश प्रारंभ

Spoken English & Advance Effective English
Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT
Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida

उपलब्ध सुविधाए
1. CCTV कैमरे से निगरानी
2. A.C. Classrooms & LAB
3. लाइब्रेरी
4. Printed Notes
5. Digital Classrooms
6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी
7. वीकली टेस्ट
8. Job Counselling
9. Consultancy

Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya
Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595



अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।



**विजय ज्वेलर्स**
मेन रोड, पिपरिया
जिला–नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन–मो. 9425475530



**चन्द्रकान्त अग्रवाल**
(कर सलाहकार)

उपलब्ध सेवाएं –
(1) इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य
(2) लाईफ एंशुरेन्स–पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस
(3) हेल्थ एंशुरेन्स– एचडीएफसी हैल्थ एन्शुरेंस

सम्पर्क करें – दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउन्ड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड, पिपरिया मो. 9893803544

।। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

**ऋषि चिंतन के सान्निध्य में**

## सत्संग का महत्त्व

जो जैसा सुनता है , कालांतर में वैसा ही बन जाता है । आज आप जिन सदुपदेशों को ध्यानपूर्वक सुनते हो, कल निश्चय ही वैसे बन भी जाओगे । सुनने का तात्पर्य अपनी मानसिक प्रवृत्तियों को देवत्व की ओर मोड़ना है ।

एक विद्वान ने कहा है, ''जल जैसी जमीन पर बहता है , उसका गुण वैसा ही बदल जाता है ।'' मनुष्य का स्वबाव भी अच्छे-बुरे विचारों या लोगों की संगति के अनुसार बदल जाता है । इसलिए चतुर मनुष्य बुरे लोगों का साथ करने से डरते हैं, लेकिन मूर्ख व्यक्ति बुरे आदमियों के साथ घुलमिल जाते हैं और उनके संपर्क से अपने आप को भी दुष्ट ही बना लेते हैं । मनुष्य को बुद्धि तो मस्तिष्क में रहती है किन्तु कीर्ति उस स्थान पर निर्भर रहती है , जहाँ वह उठता-बैठता है । आदमी का घर चाहे जहाँ हो, पर वास्तव में उसका निवास स्थान वह है , जहाँ वह उठता है और जिन लोगों या विचारों का सान्निध्य उसे पसंद है ।

आत्मा की पवित्रता मनुष्य के कार्यों पर निर्भर है और उसके कार्य संगति पर निर्भर हैं । बुरे लोगों के साथ रहने वाला अच्छे काम करे, यह बहुत ही कठिन है । धर्म से स्वर्ग की प्राप्ति होती है , किन्तु धर्माचरण करने वाली बुद्धि सत्संग या सदुपदेशों से ही प्राप्त होती है । स्मरण रखिए कि कुसंग से बढ़कर कोई हानिकर वस्तु नहीं है तथा सत्संगतिसे बढ़कर कोई लाभ नहीं है ।

अखण्ड ज्योति-नवंबर 1956 पृष्ठ 17

## लोक सभा सांसद से प्राप्त प्रस्ताव पर 01 निर्माण कार्य हेतु

### 02 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । सांसद लोकसभा श्री दर्शन सिंह चौधरी से ई-साक्षी पोर्टल पर प्राप्त प्रस्ताव पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 01 निर्माण कार्य के लिए 01 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक सभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी से प्राप्त प्रस्ताव पर ग्राम पंचायत बाचावानी विकासखंड बनखेडी में मल्टीजिम के लिए 01 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## न्यायालय अपर तहसीलदार पिपरिया
## तह. पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)

रा.प्र.क्र. 284/अ-6अ/2025-26
मौजाः -पचलावरा
सुनवाई तिथि 20/02/2026

**।। इश्तेहार ।।**

रूचिका सोनी पत्नि राकेश सोनी निवासी-ग्राम पचलावरा, तह. पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम म.प्र. विरूद्ध सर्वसाधारण

प्रति,
सर्वसाधारण

इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका रूचिका सोनी पत्नि राकेश सोनी निवासी -ग्राम पचलावरा, तहसील-पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम म.प्र. द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिपरिया में धारा 115 के तहत एक आवेदन -पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम पचलावरा स्थित कृषिभूमि खसरा नंबर 126/1, 126/2 रकबा क्रमशः 0.405 हे. 0405 हे. भूमि पर राजस्व अभिलेखों में आवेदिका रूचिका सोनी पत्नी राकेश सोनी पता पचलावरा पिपरिया नर्मदापुरम मध्यप्रदेश भूमिस्वामी के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है । आवेदिका की भूमि का नक्शा कब्जे एवं रिकॉर्ड अनुसार नहीं बना है । आवेदिका की भूमि का नक्शा रिकार्ड में कम बना है जबकि चकबंदी नक्शा में पूरा नक्शा बना है । आवेदिका की भूमि का नक्शा कब्जा एवं रिकॉर्ड अनुसार कम बना होने के कारण आवेदिका को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है । आवेदिका उक्त भूमि का अपने कब्जा एवं रिकॉर्ड एवं चकबंदी नक्शा अनुसार दुरूस्त कराना चाहती है । आवेदिका द्वारा कब्जा एवं रिकॉर्ड अनुसार नक्शा दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किया गया है जिसकी सुनवाई दिनांक 20/02/ 2026 नियत की गई है ।

अतः अन्य कोई व्यक्ति या वैध प्रतिनिधि अथवा मान्य अभिकर्ता सहित उक्त नियत तिथि 20/02/ 2026 को प्रातः 11.00 बजे न्यायालय अपर तहसीलदार पिपरिया तहसील-पिपरिया के न्यायालय में समक्ष में उपस्थित होकर उक्त नक्शा दुरूस्ती प्रकरण के संबंध में अपना जबाव एवं दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । उक्त दिवस के बाद कोई आपत्ति दावा स्वीकार नहीं किये जावेंगे । विधि अनुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 05/02/2026 को न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

अपर तहसीलदार
पिपरिया
पिपरिया , दिनांक 2/02/ 2026






# कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk
Autoclaved,
Aerated,
Concrete



मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध



**ब्लॉक साइज -**
लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- समृद्धि प्लास्टिक्स
- पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- LED लाईट्स
- कंस्ट्रक्शन केमिकल
- सुप्रीमो पानी की टंकिया
- RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- LED लाईट्स
- समस्त हार्डवेयर
- CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

**ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें**

**गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी** मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया
मो. 8085256256, 9479914256    प्रोप्राईटर- आनंदा गट्टानी

# पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

✲पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
✲ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
✲ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
✲ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पाएं ।।

# मे. शुभम् ट्रेडर्स

क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है , समस्या आपकी, समाधान हमारा

**कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम**

**अधिकृत विक्रय-**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेन सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3'' से 12'' साइजों में उपलब्ध ✲ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326

भारत–यूरोपियन संघ' और 'भारत–अमरीका' व्यापार समझौतों पर विशेष – एक.

# खेती को खतरे में धकेलते व्यापार समझौते और कानून

## –निलेश देसाई

पिछले कुछ हफ्तों में भारत ने 'यूरोपियन संघ' और अमरीका के साथ दो अलग–अलग व्यापार समझौते किए हैं। इन दोनों समझौतों में 'यूरोपियन संघ' के 27 देशों और अमरीका के भारी–भरकम सब्सीडी वाले कृषि उत्पादों को भारत में खपाने की तजबीज प्रमुख है, लेकिन इससे हमारी छोटी जोत की, मंहगी लागत या बुनियादी जरूरतों तक से बेजार खेती और उसमें लगे किसानों का क्या होगा? प्रस्तुत है, इसी की पड़ताल करता निलेश देसाई का यह लेख।–संपादक

खेती केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता का आधार रही है और इसकी धुरी रही है – बीज। हजारों वर्षों से किसानों ने बीजों को चुना, सहेजा और साझा किया, जिससे जैव–विविधता का एक विशाल भंडार निर्मित हुआ, लेकिन 21वीं सदी में यह परंपरा एक कानूनी जुर्म में बदलती दिख रही है। केन्या और कोलंबिया ने जो चेतावनियां दी थीं, वे अब भारत के 'बीज विधेयक 2025,' 'यूरोपियन यूनियन' और अमरीका के साथ हुए व्यापार समझौतों तथा कृषि के डिजिटल रूपांतरण के चलते भारत के सामने खड़ी हो गई हैं। क्या हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ अपनी ही जमीन पर, अपने ही पूर्वजों के बीज उगाना अवैध हो जाएगा?

### केन्या और कोलंबिया –'बीज गुलामी' के वैश्विक उदाहरण

वर्ष 2012 में केन्या ने अपने 'सीड्स एंड प्लांट वैरायटीज एक्ट' में संशोधन किया। इस बदलाव के पीछे कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि 'अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों' का दबाव था। कानून ने प्रावधान किया कि बिना पंजीकरण और प्रमाणन के किसी भी बीज का आदान–प्रदान या बिक्री अपराध होगी, जिसके लिए 2 साल की जेल या भारी जुर्माने की व्यवस्था की गई। परिणामस्वरूप केन्या का छोटा किसान, जो सदियों से स्थानीय किस्मों पर निर्भर था, रातों–रात अपनी ही विरासत उगाने के अपराध में धर लिया गया।

कोलंबिया में भी यही हुआ। अमेरिका के साथ 'मुक्त व्यापार समझौते' की शर्तों को पूरा करने के लिए सरकार ने 'रेसोल्यूशन 970' के तहत किसानों का अनाज जब्त कर उसे नष्ट कर दिया। इन दोनों देशों ने एक ही सबक दिया – जब बीज पर कानून का पहरा बैठता है, तो किसान की आजादी और देश की खाद्य संप्रभुता दोनों मर जाते हैं।

### भारत का 'बीज विधेयक 2025'– सुरक्षा या नियंत्रण?

भारत में प्रस्तावित 'बीज विधेयक 2025' पुराने 1966 के कानून को बदलने की तैयारी में है। सरकार का तर्क है कि यह कानून बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा और किसानों की आय बढ़ाएगा। हालांकि, इसकी परतों को उधेड़ने पर कुछ गंभीर चिंताएं सामने आती हैं। मसलन – विधेयक में व्यावसायिक बीजों के पंजीकरण को अनिवार्य बनाया गया है। यद्यपि किसानों को अपने उपयोग के लिए बीज बचाने की छूट है, लेकिन 'व्यावसायिक बिक्री' की परिभाषा इतनी जटिल हो सकती है कि छोटा किसान अपने पड़ोसी को बीज बेचने से पहले सौ बार सोचेगा।

विधेयक में नियमों के उल्लंघन पर 50,000 से लेकर 30 लाख तक के जुर्माने और जेल का प्रावधान है। यह कानून बड़ी बीज कंपनियों को 'शिकायतकर्ता' की भूमिका में लाकर छोटे किसानों को अदालतों में घसीटने का हथियार बन सकता है।

### 'भारत–अमेरिका व्यापार समझौता 2026' – बदलता समीकरण

अभी, फरवरी 2026 में भारत और अमेरिका के बीच हुए हालिया व्यापार अनुबंध ने भारतीय कृषि के लिए एक नया 'अग्निपथ' तैयार कर दिया है। अमेरिका का दबाव हमेशा से 'बौद्धिक संपदा अधिकारों' को सख्त करने पर रहा है।

इस अनुबंध से भारत के कुछ बड़े किसानों को अमेरिकी बाजार में पहुंच मिलेगी, लेकिन इसकी कीमत छोटे और मझोले किसानों को चुकानी पड़ सकती है। अमेरिका से आने वाले सस्ते और सब्सिडी वाले कृषि उत्पाद (जैसे मक्का, सोयाबीन और डेयरी उत्पाद) भारतीय किसानों की घरेलू कीमतों को गिरा सकते हैं।

अमेरिका लंबे समय से भारत में 'जीन संवर्धित' (जीएम) बीजों के प्रवेश का रास्ता खोलने का दबाव बनाता रहा है। यदि इन अनुबंधों के प्रभाव में भारत अपनी नीतियों में ढील देता है, तो हमारे देशी बीजों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। भारत–अमरीका समझौते के करीब सालभर लटके रहने की वजह भी 'जीएम' उत्पादों को प्रवेश नहीं देने का यही विवाद था।

### बजट और डिजिटलाइजेशन– 'एग्री–स्टैक' का मायाजाल

2026 के बजट में कृषि के डिजिटलाइजेशन और डिजिटल 'एग्री–स्टैक' के लिए अभूतपूर्व बजटीय आवंटन किया गया है। 'एग्री स्टैक' सरकार द्वारा स्थापित किया जा रहा 'डिजिटल फॉउन्डेशन' है जिसका उद्देश्य भारत में कृषि को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाना और डेटा तथा डिजिटल सेवाओं का उपयोग करके किसानों के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त करना है। हर खेत का अपना 'डिजिटल आईडी' और हर फसल की 'क्यूआर कोड' सुनने में तो आधुनिक लगता है, लेकिन इसके पीछे छिपे खतरे को समझना जरूरी है।

जब किसान के खेत का पूरा डेटा (कौन सा बीज बोया गया, कितनी खाद डाली गई) डिजिटल सर्वर पर होगा, तो बड़ी बीज कंपनियां इस डेटा का उपयोग किसानों को लक्षित विज्ञापन देने या उन्हें अपनी विशेष किस्मों के जाल में फंसाने के लिए करेंगी। यदि 'बीज विधेयक 2025' में देशी बीजों पर कोई प्रतिबंध लगता है, तो 'डिजिटलाइजेशन' उस प्रतिबंध को लागू करने का सबसे प्रभावी हथियार बनेगा। 'सैटेलाइट इमेजिंग' और 'डिजिटल रिकॉर्ड्स' के जरिए यह पता लगाना आसान हो जाएगा कि किस किसान ने 'अपंजीकृत' बीज बोए हैं।

### भारत – यूरोपीय संघ 'मुक्त व्यापार समझौते' की चुनौती

अभी 27 जनवरी '26 को हुए 'मुक्त व्यापार समझौते' में यदि भारत 'यूरोपीय संघ' के साथ व्यापार के लालच में 'यूपीओवी' (इंटरनेशनल यूनियन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ न्यू वैराइटीज ऑफ प्लॉन्ट्स) के मानकों को अपनाता है, तो हमारी 'पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम (2001) की वह धारा (धारा 39) खत्म हो जाएगी जो किसानों को बीज बेचने का कानूनी अधिकार देती है। यह भारतीय कृषि के ताबूत में आखिरी कील साबित हो सकती है।

'यूरोपीय संघ' के साथ की व्यापार वार्ताओं में अक्सर 'यूपीओवी' की सदस्यता की शर्त रखी जाती है। केन्या ने यही गलती की थी।

### बीज संप्रभुता की सुरक्षा ही समाधान


केन्या और कोलंबिया के उदाहरण हमें जगाने के लिए हैं। भारत को अपनी नीतियों में कानूनी कवच लगाना होगा। 'बीज विधेयक 2025' में यह स्पष्ट और अपरिवर्तनीय प्रावधान होना चाहिए कि किसी भी स्थिति में किसान का बीज साझा करना 'जुर्म नहीं माना जाएगा। सरकार को कॉर्पोरेट बीजों की बजाय 'सामुदायिक बीज बैंकों' को वित्तीय सहायता देनी चाहिए। किसानों के डेटा पर पहला अधिकार किसानों का होना चाहिए, न कि बड़ी कंपनियों का। कृषि विश्वविद्यालयों को हाइब्रिड के बजाय देशी बीजों की उत्पादकता सुधारने पर शोध करना चाहिए।


भारत के सामने आज जो परिदृश्य है, वह केवल अर्थव्यवस्था का नहीं, बल्कि संस्कृति और अस्तित्व का है। केन्या में जो हुआ, वह कानून की एक भूल थी; भारत में जो होने जा रहा है, वह एक सचेत निर्णय होगा। यदि हम व्यापारिक समझौतों और 'डिजिटलाइजेशन' की चमक में अपने 'बीज' खो देते हैं, तो हम अपनी आने वाली पीढ़ियों की 'खाद्य सुरक्षा' को कॉर्पोरेट तिजोरियों में गिरवी रख देंगे। समय की मांग है कि हम 'विकास' की ऐसी परिभाषा चुनें जिसमें किसान के हाथ में हल भी हो और अपनी मिट्टी का आजाद बीज भी। क्योंकि, जिस देश का बीज गिरवी होता है, उस देश की थाली कभी स्वतंत्र नहीं हो सकती। (सप्रेस)

– श्री निलेश देसाई झाबुआ जिले की 'संपर्क' संस्था के संस्थापक निदेशक हैं। वे 'जमनालाल बजाज पुरस्कार' से सम्मानित हो चुके हैं।



गोपी गहना
चांदी, सोना आभूषण एवं गिफ्ट आईटम के विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने दूसरी दुकान राजेन्द्र वार्ड पिपरिया
मो. 9425475981, 7693075981


मो. 9893331604
माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स
सीमेंट रोड, पिपरिया


अधिकृत विक्रेता
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल


पानी की किल्लत से छुटकारा........
अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें।
पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम
4" से 24" ट्यूबवेल बोरिंग, पाईप, सवमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान

महावीर पाइप्स
गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया
मो. 9425040827, 9806593136

प्रकाश डिजिटल फोटो स्टूडियो
पाठक जी की चाल सांडिया

रोड, पिपरिया

शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कार्न्फेस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है

विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
मिलने का स्थान –
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

## रेत/गिट्टी का अवैध परिवहन करते 08 वाहन जप्त जिला प्रशासन की कार्यवाही सतत् जारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम जिले में अवैध रेत और गिट्टी परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देश पर खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 8 वाहनों को जप्त किया है।

खनिज विभाग द्वारा 06 फरवरी 2026 को ग्राम–रामपुर गुर्रा, तहसील–इटारसी से 01 ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर पुलिस थाना गुर्रा की अभिरक्षा में रखा गया। 08 फरवरी 2026 को ग्राम–चौतलाय, तहसील–सिवनीमालवा



से 02 डम्पर क्रमशः **MP04ZX7155** एवं **RJ17GV1230** को गिट्टी खनिज के ओवरलोड परिवहन करने पर जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा में खडे किए गए। 09 फरवरी 2026 को ग्राम–बान्द्राभान, तहसील–नर्मदापुरम से 05 डम्पर क्रमशः **MP04HE4338, MP37GA1214] MP04HE5030] RJ19GJ0630** एवं **MP04ZS4750** को रेत खनिज के ओवरलोड परिवहन करते हुए जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय प्रांगण नर्मदापुरम में खडे किए गए। उक्त कार्रवाई में जिला खनि अधिकारी दिवेश मरकाम, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, प्र० खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, सिपाही हेमन्त राज और होमगार्ड बल शामिल थे। जप्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## जनसुनवाई में 89 आवेदनों पर हुई सुनवाई, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

### अतिक्रमण,विद्युत सुरक्षा,सीमांकन जैसे अन्य राजस्व मामलों से संबंधित आवेदन हुए प्राप्त

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपर कलेक्टर अनिल जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 89 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।



मंगलवार को जनसुनवाई में ग्राम बुधवाड़ा निवासी प्रदीप यादव ने दूषित पानी कि निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया। जिस पर श्री अनिल जैन ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी नर्मदापुरम को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में नर्मदापुरम निवासी दिव्यांग छोटेलाल कहार ने वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। श्री जैन ने सामाजिक न्याय विभाग अधिकारी को उचित सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई मे आए ग्राम परसवाड़ा तहसील बनखेड़ी निवासी पदमसिंह ने सार्वजनिक मार्ग पर अवैध निर्माण को रोकने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर श्री जैन ने तहसीलदार बनखेड़ी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार कृषि–भूमि सीमांकन, अतिक्रमण की समस्या, नजूल रिकॉर्ड अद्यतन,पट्टा वितरण, अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज परिहार, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी के सूचनाकर्ता को मिलेगा ५० हजार रूपए तक का ईनाम

### पारितोषिक की पांच फीसदी राशि अथवा 25 हजार रूपए का तुरंत भुगतान

### अब तक 167 सफल सूचनाकर्ताओं को 02 लाख 06 हजार हजार रुपये सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराए

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर अधिकतम 50 हजार रूपए का ईनाम दिया जाएगा। इसमें से 5 प्रतिशत राशि जिसकी अधिकतम सीमा 25 हजार रूपए तुरंत तथा शेष 5 प्रतिशत राशि जिसकी अधिकतम सीमा 25 हजार रूपए इस तरह से कुल प्रोत्साहन राशि 10 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रूपए का भुगतान पूर्ण वसूली उपरांत किया जाएगा।

कंपनी ने कहा है कि प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को दी जाने वाली 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि में से योजना के संशोधित प्रावधान के अनुसार पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा तथा बाकि पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली उपरांत किया जा रहा है। कंपनी ने बताया कि इस योजना में 01 अप्रैल 2025 से अब तक 167 सफल सूचनाकर्ताओं को 02 लाख 06 हजार हजार रुपये सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराए गए हैं। इसके साथ ही जांच एवं वसूली की कार्यवाही करने वाले संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी 3000 रुपये प्रोत्साहन राशि का भुगतान उनके मासिक वेतन में जोड़कर किया गया है। कंपनी द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व कुल 63 प्रकरणों में पूर्ण राशि का भुगतान प्राप्त होने पर 07 सफल सूचनाकर्ताओं को उनके खाते में 2 लाख 18 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है।

कंपनी में कार्यरत नियमित कर्मचारी / संविदा/ आउटसोर्स कर्मचारी को भी सूचनाकर्ता के रूप में शामिल किया गया है, परंतु उसे सूचना सही पाए जाने एवं जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश की पूर्ण वसूली होने पर एक प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि विभिन्न परिसरों की जांच एवं जांच के उपरांत बनाये गये पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध निकाली गयी राशि की वसूली में सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। अतः कंपनी ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ–साथ जांच एवं वसूली के कार्य में सम्मिलित बाड़ा स्त्रोत कर्मचारियों को भी परितोषिक योजना के तहत दी जाने वाली 2.5 (ढाई) प्रतिशत प्रोत्साहन राशि को सभी संबंधितों को समान रूप में दिया जा रहा है।

कंपनी ने कहा है कि पारितोषिक योजना की पूरी जानकारी जैसे बिलिंग, भुगतान से संबंधित गतिविधियां पूरी तरह से गोपनीय और ऑनलाइन है। अब सूचनाकर्ता को कंपनी के पोर्टल पर गुप्त रूप से दिए गए प्रारूप में बैंक खाता, पहचान क्र. (आधार अथवा पेन) देना अनिवार्य है।

योजना के अंतर्गत सूचनाकर्ता के संबंध में जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखते हुए, कंपनी मुख्यालय से प्रोत्साहन की राशि सीधे संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक के खाते में हस्तांतरित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय, वृत्त स्तर के अधिकारियों को जो शिकायतें प्राप्त होती है, उन शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु कंपनी मुख्यालय के द्वारा सतत रूप से निगरानी भी रखी जा रही है।

<u>पोर्टल अथवा उपाय एप पर देनी होगी सूचना</u>

कंपनी द्वारा योजना में सूचनाकर्ता को निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। वर्तमान में इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया गया है तथा कंपनी वेबसाइट **portal-mpcz-** पद पर जाकर **informer scheme** लिंक पर क्लिक करके, सूचनाकर्ता के द्वारा गुप्त सूचना दर्ज की जा सकती है, एवं उपाय एप के माध्यम से भी बिजली चोरी की सूचना दी जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्ध्युत वितरण कंपनी द्वारा समस्त नागरिकों के साथ साथ आउटसोर्स कर्मचारियों तथा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गुप्त सूचना देकर, पारितोषिक योजना का लाभ उठाकर कंपनी को सहयोग प्रदान अवश्य करें।


**भारत स्टेशनरी**
जयप्रकाश शाला के पास पिपरिया मोबाईल –9406561805
कापीयां, पुस्तक, पेन पेन्सिल, गाईड, स्कूल बैग स्टेशनरी के
कम्प्यूईराइजड रबर स्टेम्प बनाई जाती है।
फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है।

रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019
**किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक**
डॉ. सुयश शर्मा
(हड्डी रोड विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो
मिलने का समय–
प्रातः 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक
डॉ.विभा शर्मा
MBBS,MD,FIPM
मिलने का समय–
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक
नोट – आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें )
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।
उपलब्ध सुविधाएँ–डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर
स्थान–अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया


स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक–प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला– नर्मदापुरम (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959 संपादक –प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com